७५ फीसदी पूरा हुआ विधान भवन स्टेशन का निर्माण

७५ हजार यात्री रोज करेंगे सफर!

इंफ्रा-चेक

● सुजीत गुप्ता



सबसे ज्यादा होगी भीड़

मेट्रो-३ के अंतर्गत आने वाले विधानभवन स्टेशन का निर्माण कार्य ७५ फीसदी पूरा हो चुका है। मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने विधानभवन स्टेशन का खाका तैयार कर लिया है। ये निर्माणकार्य मेट्रो-३ के पहले पैकेज के तहत आता है। फिलहाल विधानभवन स्टेशन के बेस स्लैब, मैझेनाइन स्लैब, कॉनकोर्स स्लैब और छत के स्लैब का काम पूरा हो चुका है। एमआईडीसी मेट्रो स्टेशन के बाद ये मेट्रो-३ का दूसरा स्टेशन है, जिसमें इस प्रकार का काम पूरा हुआ है। विधानभवन स्टेशन का ७५.४५ फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस स्टेशन से रोजाना ७५ हजार लोग सफर करेंगे, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। पैकेज-१ के अंतर्गत हुतात्मा चौक, चर्चगेट और कफ परेड इस मेट्रो स्टेशन का काम भी तेजी से हो रहा है। यहां सबसे ज्यादा भीड़ होगी।

कट एंड कवर तकनीक

विधानभवन स्टेशन का निर्माण कार्य कट एंड कवर तकनीक के अंतर्गत किया जा रहा है। इस स्टेशन से यात्रियो के निकास-द्वार के ७ मार्ग की सुविधा होगी।

कनेक्टिविटी

मेट्रो-३ कॉरिडोर के विधानभवन स्टेशन से यात्रियो को मंत्रालय, विधान भवन, नई प्रशासनिक इमारत में जाने सुविधा होगी। ऐसी जानकारी एमएमआरसीएएल के व्यवस्थाकीय संचालक रणजीत सिंह देओल ने दी।

७०० वाहनों की होगी व्यवस्था

मुंबई के सबसे पॉश इलाके मे से एक चर्चगेट मे आसपास के इलाको मे पार्किंग की परेशानी भी जल्द ही खत्म होगी। मुंबई मेट्रो रेल कॉपरिशन की मंत्रालय के नीचे अंडर ग्राउंड पार्किंग भी तैयार करने की योजना है। इस ग्राउंड पार्किंग मे ७०० वाहनो को पार्क करने की व्यवस्था होगी। अंडर ग्राउंड पार्किंग मेट्रो-३ परियोजना का ही हिस्सा है।

३८० मीटर का सबवे

मेट्रो ३ के विधानभवन स्टेशन को सबवे के माध्यम से मंत्रालय, विधानभवन से भी जोड़ने की योजन तैयार की गई है। सबवे के जरिए लोग मेट्रो से उत्तर दिशा मे सीधे मंत्रालय और विधानभवन जा सकेंगे। सबवे को विधानभवन, मंत्रालय और एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग से जोड़ा जाएगा। भूमिगत सबवे से अधिकारी और कर्मचारी आसानी से एक इमारत से दूसरी इमारत तक जा सकेंगे।

९ महीने में बनेगा सबवे

विधानभवन स्टेशन से मंत्रालय के बीच ३८० मीटर लंबा सबवे का निर्माण किया जाएगा। सबवे के निर्माण पर कुल ९८.८ करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। सबवे निर्माण के लिए एमएमआरसी ने सार्वजनकि निर्माण विभाग के साथ करार किया है। सबवे का काम ९ महीने मे पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।